ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 05-09-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-09-05 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-09-06	2023-09-07	2023-09-08	2023-09-09	2023-09-10
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	40.0	40.0	41.0	40.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	27.0	27.0	27.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	51	41	50	53	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	21	27	24	24
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12	12	15	14	17
पवन दिशा (डिग्री)	300	19	156	178	209
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	5	3	7	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 37.0 से 41.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25.0 से 27.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

लम्बे समय से सूखे व शुष्क मौसम, अधिक तापमान और आगामी दिनों में भी शुष्क मौसम की संभावनाओं को देखते हुए किसान भाई मूँग, ग्वार, तिल तथा बाजरा की फसल में मुरझान बिंदु दिखाई देने पर सिंचाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में तापमान अधिक रहने, मौसम शुष्क रहने और बादल छाए रहने की संभावना है

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की फसल में फली छेदक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ई.सी. @ 1 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
रेंड़ी	अरण्डी की फसल को सेमीलूपर के प्रकोप की सम्भावना है। नियंत्रण के लिए एक लीटर क्यूनालफॉस 25 ई.सी का प्रति हैक्टेयर में छिडकाव करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
तिल	तिल की फसल में फाईलोडी रोग के नियंत्रण के लिए रोगी पौधों को उखाड़कर नष्ट कर देवे तथा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.सी. का 2 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या विषाणु रोग के कारण पत्तियां सिकुड कर मुड जाती है तथा पत्तियों पर हल्का पीलापन लिए हुए हरे रंग के धब्बे हो जाते है। रोग के नियंत्रण हेतु मैलाथियॉन 50 ई.सी 1 मिली लीटर का प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।
मिर्च	मिर्च की फसल में श्यामव्रण (एन्थ्रेक्नोज) रोग के नियंत्रण के लिए डाइफेन्कोनाझोल 25 ई.सी. आधा मिली लीटर का प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशु बाड़े में मल-मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ-सफाई पर ध्यान दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है अतः अवांछित एवं रोगी पौधों को निकालकर खेत में पौधों की उचित संख्या बनाए रखे तथा घने पौधों में से कमजोर पौधो को निकाल दें जिससे वाष्पोत्सर्जन से होंने वाली मृदा नमी की हानि को कम किया जा सके ।